## एक नजर में

### पानी में डूबकर मृत्यु हो जाने पर आर्थिक सहायता स्वीकृत

**आलीराजपुर** । अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चंद्रशेखर आजाद नगर ने ग्राम बडा भावटा तहसील च. शे. आ. नगर के सवसिंह पिता आप सिंह उम्र 60 वर्ष की पानी में डूबकर मृत्यु हो जाने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 - 4 के तहत चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई । यह आर्थिक सहायता मृतक के वैध वारिश उसकी पत्नी मेहरी बैवा सव सिंह को सौंपी जाएगी।

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**झाबुआ**, । विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय झाबुआ में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक, बैनर एवं पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जनजागरूकता संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न संदेशों के माध्यम से बताया कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। तनाव, अवसाद एवं चिंता से बचाव के लिए संवाद, सकारात्मक सोच और समय पर परामर्श अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और यह संदेश देना था कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना जीवन की गुणवत्ता के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. बघेल, सिविल सर्जन डॉ. एम.एल. मालवीय, आरएमओ डॉ. सावन चौहान, डीएचओ डॉ. देवेंद्र भायल, नोडल अधिकारी डॉ. राजेश डावर, अस्पताल प्रबंधक श्री अखिलेश बघेल, श्री भारत बिलवाल, स्टीवर्ड श्री सुनील कानूनगो, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती पूनम सिंह, कॉलेज के शिक्षकगण एवं नर्सिंग ऑफिसर्स उपस्थित रहे।

### करवा चौथ पर्व को लेकर बाजार रहा दिनभर गुलजार



**झाबुआ** । 10 अक्टूबर, शुक्रवार को करवा चौथ को लेकर शहर के बाजार दिनभर गुलजार रहा। बाजार में महिलाओं, युवतियों, बालिकाओं ने जमकर खरीददारी की। विशेष भीड़ सौंदर्य प्रसाधन, ब्यूटी पार्लर, कपड़ों, आभूषणों की दुकानों पर रहीं। यहां दिनभर खरीददारी का दौर चला। मौहल्लों और कॉलोनियों में आवाज लगाकर एवं बाजार में ठेलागाड़ियों पर करवे, छलवी, करवा चौथ कथा, पूजन सामग्रीयों की जमकर खरीदी हुई। करवा चौथ सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं दिनभर निर्जला एवं निराहार रहकर व्रत करती है। रात्रि में चंद्रमा के दर्शन कर विधि-विधान से पूजन के साथ पति के हाथों से व्यंजन ग्रहण कर भोजन करती है। करवा चौथ के महत्व के बारे में भगवान श्री कृष्ण ने माता द्रोपदी एवं शिवजी ने माता पार्वती से इस व्रत और कथा का वर्णन किया है। करवा चौथ का वर्षभर महिलाओं को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस दिन महिलाएं सुबह एवं दोपहर के समय बाजार में सजावट एवं पूजन सामग्रीयां खरीदने के साथ रात को पूजन की तैयारी कर चंद्रमा के दर्शन होने पर पूजन-पाठ आदि करती है। दिनभर रहीं दुकानों पर भीड़-करवा चौथ को लेकर शहर के बाजार में महिलाओं, युवतियों और बालिकाओं की सौंदर्य प्रसाधन, ब्यूटी पार्लरी, कपड़ों, आभूषणों की दुकानों पर भीड़ रहीं। सौंदर्यश्री धाम के संचालक दीपक मुथा ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से महिला वर्ग द्वारा खरीदी का दौर चल रहा है। जिसमें महिलाएं और बालिकाएं बिंदी, चूड़ी, कंगन, लिपस्टीक, स्प्रे, परफयूम, कास्मेटिक आयटम की खरीदी कर रहीं है। निहार ब्यूटी पार्लर राजवाड़ा की संचालक टीना बैरागी ने बताया कि पिछले 3-4 दिनों से शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी महिलाएं, युवतियां सजने के लिए आ रहीं है। जिसमें मेकअप करवाया जा रहा है। करवे बेच रहे देव प्रजापति ने बताया कि उनकी दुकान पर करवे डिजाईन में 30 से 50 रू., छलनी से 40 से 60 रू., करवा चौथ माता का फोटो 30 से 50 रू., चुनरी 20 रू. एवं पूजन सामग्री का सेट 50 रू. में बेचा गया है। दिनभर बिक्री काफी अच्छी रहीं।

### नगरपालिका की स्वच्छता शाखा की अनोखी पहल

**झाबुआ** । नगरपालिका परिषद् झाबुआ द्वारा शहर को साफ और स्वच्छ बनाने के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वेस्ट टू वेल्थ अभियान से प्रेरित होकर अनुपयोगी सामग्रीयों से उपयोगी सामग्रीयां बनाकर इसे शहर के प्रमुख स्थानों और चौराहों पर रखवाया जा रहा है, ताकि शहर के सौंदर्यीकरण में अभिवृद्धि हो सके ।जानकारी देते हुए नपा के स्वच्छता शाखा प्रभारी टोनी मलिया ने बताया कि इसी क्रम में नगरपालिका अध्यक्ष कविता सिंगार, उपाध्यक्ष लाखनसिंह सोलंकी एवं सीएमओ मिलन पटेल के मार्गदर्शन में स्वच्छता शाखा की सुपर-8 टीम ने वेस्ट प्लास्टिक बोतलों, वेस्ट डस्टबिन, वेस्ट पन्नीयों और टायरों आदि से बस स्टैंड के पीछे रामकुल्ला नाले की पुलिया पर आई लव जेएमसी की कलाकृति बनाई है, जो यहां से गुजरने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहीं है। युवा सर्कल पर खड़े रहकर कलाकृति के साथ मोबाईल से फोटो एवं सेल्फी ले रहे है। स्वच्छता प्रभारी टोनी मलिया ने जानकारी दी कि आगामी दिनों में वेस्ट सामग्रीयों से करीब 40 गमले तैयार कर पुलिया के दोनो ओर रेलिंग पर लगाए जाएंगे।


नवभारत

झाबुआ में अखबार, विज्ञापन व समाचार हेतु संपर्क करें:

बाली न्यूज एजेंसी

(लक्की शर्मा झाबुआ जिला ब्यूरो)

मो. न.- 6260765562, 7470402906

कार्यालय -राजवाडा ( झाबुआ )


## खुद को खोजने का सबसे अच्छा तरीका है, खुद को दूसरों की सेवा में खो दो : ब्रह्माकुमारी आशा बहन

- कार रैली का हुआ झाबुआ आगमन, सेवाभावी नागरिकों का किया सम्मान



**झाबुआ। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सहभगिनी संस्था राज योगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन अंतर्गत समाजसेवा प्रभाग द्वारा इंदौर से भीलवाड़ा तक कार रैली का आयोजन किया गया। जिसका थीम 'श्रेष्ठ समाज के निर्माण में आध्यात्मिकता का महत्व' है। उक्त रैली का झाबुआ में आगमन हुआ।**

कार रैली की शुरुआत स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण से संकल्प ग्रुप संस्थापक भारती सोनी, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. यशवंत भंडारी, जयेन्द्र बैरागी, किशोर बोरसे, मातृ शक्ति चेतना चौहान, जयपुर से पधारे विनोद नायक, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी जयंती दीदी आदि ने हरी झंडी दिखाकर किया। शहर में पर्यावरण सुरक्षा, यातायात के नियमों का पालन करना, सभी प्रकार के गलत नशे एवं बुराइयों से दूर रहना, देश को श्रेष्ठ बनाने के लिए नैतिक मूल्य को अपनाना, इसके लिए बहुत सुंदर स्लोगन तख्तियों पर लिखे हुए रहे। सभी के हाथों में रैली की सुंदरता को बढ़ा रहे थे। सुंदर रथ पर राम-सीता की जीवंत झांकी को दर्शाते हुए यह रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई अनेक मनुष्य आत्मा को सुंदर संदेश देती हुई ब्रह्माकुमारी संस्था के स्थानीय सेवा केंद्र शिव स्मृति भवन गोपालपुरा पर समाप्त हुई।

**अतिथियों का किया गया स्वागत**-इसी कार्यक्रम अंतर्गत शहर के विभिन्न वर्गों के समाजसेवियों का सम्मान समारोह सेवा केंद्र पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम भास्कर गचले, सामाजिक न्याय विभाग उपसंचालक पंकज सांवले, प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. यशवंत भंडारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्मकुमारी बहनों ने अतिथियों को तिलक लगाकर एवं समाजसेवा प्रभाग के सुंदर दुपट्टे पहनाकर किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। पश्चात् कु. सीधीक्षा ने सुंदर नृत्य के माध्यम से मंच पर विराजमान अतिथियों एवं सभा में उपस्थित सभीजनों का स्वागत किया।

**ब्रम्हकुमारी संस्था अंर्तराष्ट्रीय संस्था है**- एसडीएम श्री गाचले ने रैली अभियान यात्रियों को शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि आप जिस उद्देश्य को लेकर इस रैली के साथ चले है, ईश्वर आपके हर संकल्प को सफलता रूप प्रदान करे। उप-संचालक पंकज सांवले ने भी अभियान दल के यात्रियों को शुभकामना संदेश दिया। डॉ. यशवंत भंडारी ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था मानव सेवा में समर्पित एक आध्यात्मिक एवं शैक्षणिक अंर्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था है। मानव की सेवा में समर्पित इस संस्था को मैं कोटि-कोटि प्रणाम करता हूं और इस अभियान की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

आत्म चिंतन एवं परमात्मा चिंतन से जीवन का कल्याण होगा

राजयोगिनी बीके जयंती दीदी ने दिव्य उद्बोधन में कहा कि जितना हमारा मन श्रेष्ठ होगा उतना हमारे कर्म श्रेष्ठ होंगे और जितना हमारे कर्म श्रेष्ठ होंगे, उतना श्रेष्ठ समाज का निर्माण होगा। आपने कहा कि श्रेष्ठ मन बनाने के लिए हमें पांच पर को काटना होगा, पर चिंतन, पर दर्शन, पर दोष, पर संग इसके कारण ही आज के मानव का पतन हो रहा है। हमें अपना कुछ समय आत्म चिंतन परमात्मा चिंतन पर देना होगा। तभी हमारा मन श्रेष्ठ बनेगा जितना मन श्रेष्ठ होगा, उतना श्रेष्ठ समाज होगा। धामनोद सेवा केंद्र से पधारी प्रीति बहन ने सभी को गहन राज योग अनुभूति कराई, जिससे सभी आत्माओं ने शांति की यात्रा की एवं आपने सभी को यातायात के नियमों का पालन करने, पर्यावरण सुरक्षा नैतिक मूल्य को जीवन में अपनाने एवं नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई।

### इनका किया गया सम्मान

कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में विभिन्न वर्गों से चयन किए गए समाज में श्रेष्ठ कार्य करने वालों का मोमेंट एवं सर्टिफिकेट द्वारा सम्मान किया गया। जिसमें खेल प्रतिभा के क्षेत्र में कु. प्रियांशी गुंडिया, गौ-सेवा के लिए प्रीतेश शाह एवं किशोर बोरसे, संकल्प ग्रुप संस्थापक भारती सोनी, पर्यावरण संरक्षण के लिए पं. राजकुमार देवल, स्वास्थ्य के क्षेत्र में डॉ. विजय मेडावत, नशा मुक्ति में श्रेष्ठ कार्य के लिए गायत्री परिवार की नलिनी बैरागी, विश्व हिंदू परिषद् महिला इकाई की प्रखंड संयोजिका प्रिया त्रिवेदी, रजत समाज की सक्रिय पदाधिकारी चेतना चौहान आदि का सम्मान किया गया।इस अवसर समस्त ब्रह्मा कुमारीज परिवार उपस्थित रहा। गायत्री परिवार की ओर से नलिनी बैरागी ने ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की नशा मुक्ति भारत अभियान की सेवाओं के लिए ब्रह्माकुमारी जयंती दीदी को विशेष रूप से सम्मानित किया।

### बच्चों को मोबाईल से दूर रखना आवश्यक

कार रैली संयोजक ब्रह्मकुमार राकेश इंदौर द्वारा कार रैली का उद्देश्य बताते हुए संबोधित किया कि यदि हमें श्रेष्ठ समाज की स्थापना करनी है, तो हमे आध्यात्मिकता के पथ पर चलना होगा। जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाना होगा। यातायात के नियमों का पालन करना आवश्यक है। जीवन को नशे से बचाकर आने वाली पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित करना बहुत जरूरी है। मुख्य वक्ता के रूप में इंदौर के न्यू पलासिया स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से पधारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय छोटे से लेकर बड़े तक मनुष्य आत्मा एक बहुत बुरे जाल में फंस चुकी है। एक बहुत तगड़े नशे की गिरफ्त में आ चुकी है और उसे नशे का नाम है मोबाईल। आज बड़े-बड़े अपराधों को मनुष्य आत्माएं अंजाम दे रही है। आपने उपस्थित माता-पिता से विनम्र निवेदन किया कि जब आप अपने बच्चों को मोबाइल दे रहे है, तो उन पर विशेष अटेंशन दीजिए कि वह क्या देख रहे है, क्योंकि समय निकल जाने की बात हमारे पास पछताने के अलावा और कोई रास्ता नहीं रहता और आज के माता-पिता बहुत दुखी हो जाते है। आपने सभा में उपस्थित सभी से निवेदन किया वह घड़ी दो घड़ी आध्यात्मिकता से स्वयं जुड़े और अपने बच्चों को भी जोड़ने का एक प्रयास करे। जिससे बच्चों की जीवन शैली में परिवर्तन आए और बच्चे स्वस्थ जीवन जी सके।

## अवैध धर्मांतरण पर रोक लगने के साथ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम को और अधिक सशक्त बनाना आवश्यक : संत कमलसिंह महाराज

- आदिवासी समाज सुधारक संघ ने राजवाड़ा पर किया जन आक्रोश आंदोलन, सैकड़ों की संख्या में संत, भगत समाज एवं ग्रामीणजन हुए शामिल
- समाज की एकता हेतु सभी ने दोनो हाथ खड़े कर लिया संकल्प






**झाबुआ** । आदिवासी समाज सुधारक संघ झाबुआ के तत्वावधान एवं जनजाति रक्षा मंच के सहयोग से स्थानीय राजवाड़ा पर 10 अक्टूबर, शुक्रवार को जन आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन का उद्देश्य देश में लगातार बढ़ रहे अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने तथा धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम को ओर अधिक सशक्त बनाने की मांग करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के संत गंगाराम महाराज (देवदा, दाहोद), संत कमलसिंह महाराज (शिवधाम कोकावाद), पूनाजी महाराज (फूलधावड़ी), अनसिंह महाराज, मेशू महाराज, वरसिंह महाराज, आजाद प्रेमसिंह डामोर सहित अनेक संतगण एवं समाज सुधारक संघ के कार्यकर्ता मंचासीन रहे। प्रदर्शन में मालवा क्षेत्र सहित देश के विभिन्न जनजातीय इलाकों से आए हुए आदिवासी समाज के प्रमुखों एवं संत-महात्माओं ने भाग लिया। जनजातीय समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि मप्र, उत्तरप्रदेश, गुजरात, हिमाचल, उड़ीसा सहित अनेक राज्यों में धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम लागू किए गए है। यह कानून नागरिकों को अपने धर्म का पालन, आचरण, पूजा एवं प्रचार करने की स्वतंत्रता देता है, किंतु किसी को लालच, प्रलोभन या दबाव देकर धर्म बदलवाना कानूनी अपराध है, बावजूद इसके कई स्थानों पर विधर्मियों द्वारा आदिवासी परिवारों को छल-कपट एवं प्रलोभन से धर्मांतरित करने की घटनाएं लगातार बढ़ रहीं हैं। ऐसे मामलों में कई बार पुलिस कार्रवाई एवं अदालती सजा भी हुई है। समाज के पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि इन गतिविधियों पर अंकुश लगने से परेशान होकर कुछ विधर्मियों ने सर्वोच्च न्यायालय में विभिन्न राज्यों के धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियमों को चुनौती देते हुए याचिकाएं दाखिल की है,

## आईटीआई सत्र 2025 में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**आलीराजपुर** । शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में एक व दो वर्षीय पाठ्यक्रम क्राफ्ट्समैन ट्रेनिंग स्कीम के तहत विभिन्न व्यवसायर्यों में प्रवेश *https://mpiticounselling.co.in* एवं *222.dsd.mp.gov.in* वेबसाइट के माध्यम से किए जा रहे है, जिले मैं संचालित शासकीय आईटीआई में प्रवेश के अंतिम चरण में दसवीं उत्तीर्ण आवेदको हेतु व्यवसाय इलेक्ट्रिशियन (कट्ठीवाड़ा हेतु), फिटर ( जोबट हेतु) ड्राफ्ट्समैन सिविल, मैकेनिक डिजल में (अलीराजपुर हेतु) एवं आठवी उत्तीर्ण आवेदको के लिए व्यवसाय वेल्डर (जोबट एवं अलीराजपुर हेतु) एवं स्वीइंग टेक्नोलॉजी (सेजावाडा एवं अलीराजपुर हेतु) में रिक्त सीटों पर प्रवेश की कार्यवाही ऑनलाइन माध्यम से नवीन पंजीयन एवं व्यवसायों में प्राथमिकता के क्रम में चयन की जाने की तिथि 10 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होकर अंतिम तिथि 17 अक्टूबर 2025 है।

## आलीराजपुर के साथ प्रदेश के चयनित जिलों में होगा प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का औपचारिक शुभारंभ : कलेक्टर



**आलीराजपुर** । कलेक्टर नीतू माथुर ने बताया कि 11 अक्टूबर 2025 को प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना दलहन मिशन का आलीराजपुर के साथ प्रदेश के चयनित जिलों में औपचारिक शुभारंभ दिल?ली से किया जाना है इस शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आलीराजपुर के महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में भी किया जाएगा । जहां विभिन्न योजना के हितग्राही सहित जनप्रतिनिधि , कृषक एवं अन?य ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे । कलेक्टर श्रीमती माथुर द्वारा समस्त संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग अपनी अपनी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी लगाएं जहां पर उन्नत तकनीक के बारे , मिलेट्स के बारे में , प्राकृतिक खेती , पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन आदि से संबंधित जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके ताकि इन योजनाओं से अधिक से अधिक ग्रामीणों के साथ महिलाओं को भी इन जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा सके और उन्हें लाभान्वित किया जा सके ।

इस बैठक के पश?चात कलेक्टर श्रीमती माथुर द्वारा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

इस बैठक के दौरान नोडल एवं अनुविभागीय अधिकारी श्री तपीस पांडे स?हित कृषि विभाग , पशु विभाग , उद्यानिकी , सहकारिता , उद्योग विभाग , केवीके सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

**एक नजर** किसानों के खातों से लाखों का गबन ; मंच की शिकायत पर बैंक कर्मियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज

## जनजाति विकास मंच ने कट्ठीवाड़ा सहकारी बैंक घोटाले पर किया तहसील का घेराव



**आलीराजपुर। जनजाति विकास मंच के बैनर तले शुक्रवार को कट्ठीवाड़ा विकासखंड के आदिवासी किसानों ने कट्ठीवाड़ा तहसील कार्यालय का घेराव किया। यह विरोध प्रदर्शन कट्ठीवाड़ा सहकारी बैंक में किसानों के साथ हुए लाखों रुपये के गंभीर भ्रष्टाचार और गबन के मामले में स्थानीय प्रशासन द्वारा अपेक्षित कार्रवाई न होने के विरोध में किया गया।**

जनजाति विकास मंच की ओर से जारी बयान में बताया गया कि बैंक के शाखा प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों ने फर्जी अंगूठे लगाकर 106 से अधिक किसानों के खातों से लाखों रुपये का अवैध आहरण कर लिया, जिसके कारण इन किसानों को जानबूझकर डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया।

मुख्य घटनाक्रम एवं कार्रवाई=

घेराव का कारण= मंच ने बताया कि उन्होंने इस व्यापक भ्रष्टाचार के संबंध में श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी, कट्ठीवाड़ा को 19 सितंबर 2025 को विस्तृत ज्ञापन दिया था, जिसका आज तक कोई जवाब नहीं आया और न ही कोई प्रभावी कार्रवाई हुई। प्रशासन का रुख= किसानों के व्यापक विरोध और मंच द्वारा अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी के बाद, स्थानीय प्रशासन हरकत में आया।

सफलतापूर्वक एफआईआर दर्ज= किसानों और मंच की एकजुटता के परिणामस्वरूप, पुलिस ने बैंक शाखा प्रबंधक और अन्य दोषी कार्यकारियों के विरुद्ध तत्काल नामजद प्रथम सूचना रिपोर्ट एफआईआर दर्ज की। यह एफआईआर भारतीय न्याय संहिता (ब्हृस्) की सुसंगत धाराओं जैसे धोखाधड़ी (318), आपराधिक विश्वासघात (306), चोरी (303) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत दर्ज की गई है। अन्य माँगे= एफआईआर दर्ज होने के बावजूद, मंच की प्रमुख माँगे अभी भी लंबित हैं, जिनमें शामिल हैं=

मामले की जाँच सहकारिता विभाग या श्वह्लढ्ढ के उच्च-अधिकारी द्वारा 7 दिनों के भीतर शुरू की जाए। सभी दोषी बैंक कर्मचारियों को तुरंत निलंबित किया जाए। 106 किसानों को %बकायादार% सूची से तुरंत हटाकर, उनके खातों में गबन की गई राशि ब्याज सहित वापस की जाए। जनजाति विकास मंच, कट्ठीवाड़ा ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय से सीधे हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि यदि शेष माँगे जल्द पूरी नहीं हुईं, तो मंच न्याय मिलने तक अपना संघर्ष जारी रखेगा। इस आंदोलन की सूचना प्रमुख सचिव, सहकारिता विभाग और पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश को भी प्रेषित की गई है।